अतिमहत्वपूर्ण / समयबद्ध / ईमेल द्वारा

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य / निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय / अनुदानित / निजी क्षेत्र की फार्मेसी संस्थायें।

पत्रांकः प्राशिप / अनु06 / परी0फा0 / 2025 / 0618 **लखनऊः दिनांकः– 19/03/2026**

विषयः वार्षिक / बैक पेपर / विशेष बैक पेपर परीक्षा, मई–2026 हेतु केवल फार्मेसी पाठ्यक्रम के परीक्षाफार्म भराये जाने विषयक।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक सूच्य है कि सम सेमेस्टर / वार्षिक / बैक पेपर / विशेष बैक पेपर परीक्षा, मई–2026 दिनांक 01 / 05 / 2026 से होना प्रस्तावित है। परीक्षा के दृष्टिगत डिप्लोमा इन फार्मेसी पाठ्यक्रम में अध्ययनरत प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष के छात्र / छात्राओं के परीक्षा फार्म भराये जाने हेतु दिनांक 20 / 03 / 2026 से 30 / 03 / 2026 की मध्य रात्रि तक खोला जा रहा है। अतः मई–2026 परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र / छात्राओं के परीक्षा फार्म स्टूडेण्ट लॉगिन के माध्यम से भराये जाने के संबंध में दिशा–निर्देश निम्नवत् हैं:–

1. सभी छात्र / छात्रा अपने स्टूडेण्ट लॉगिन के माध्यम से दिनांक 20 / 03 / 2026 से 30 / 03 / 2026 तक निर्धारित ऑनलाइन शुल्क का भुगतान कर परीक्षा फार्म सबमिट करेंगे।
2. छात्र / छात्रा के द्वारा शुल्क जमा करने के उपरांत छात्र का परीक्षा फार्म संस्था लॉगिन पर प्रदर्शित होगा जिसे संस्थान द्वारा दिनांक 20 / 03 / 2026 से 31 / 03 / 2026 तक परिषद को अग्रसारित किया जायेगा।
3. वार्षिक पद्धति द्वारा संचालित पाठ्यक्रम इन डिप्लोमा फार्मेसी की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र / छात्रा के परीक्षा शुल्क, परीक्षा आवेदन पत्र शुल्क एवं अंकतालिका शुल्क की धनराशि रू0 570 / – निर्धारित है।
4. दिनांक 30 / 03 / 2026 की मध्यरात्रि के पश्चात पोर्टल बंद कर दिया जायेगा। उक्त अवधि के पश्चात किसी भी दशा में अन्य किसी माध्यम से परीक्षाफार्म स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
5. किसी भी छात्र / छात्रा का परीक्षा फार्म परिषद को अग्रसारित किये जाने के पूर्व संस्था प्रधानाचार्य यह सुनिश्चित कर लें कि संबंधित छात्र / छात्रा को परीक्षा में बैठने से रोका तो नहीं जाना है। पूर्ण रूप से संतुष्ट होने के उपरान्त ही छात्र / छात्रा का परीक्षाफार्म परिषद को अग्रसारित किया जाये। परिषद को परीक्षा फार्म अग्रसारित कर दिये जाने के उपरान्त परिषद द्वारा यह मान लिया जायेगा कि संबंधित छात्र / छात्रा के परीक्षा में सम्मिलित होने में संस्था को कोई आपत्ति नहीं है। परीक्षा फार्म को अग्रसारित किये जाने के पश्चात छात्र / छात्रा को परीक्षा से रोके जाने का अनुरोध स्वीकार नहीं किया जायेगा।

अतः उक्त के दृष्टिगत निर्देशित किया जाता है कि उक्त निर्देशों का भलीभांति अनुसरण करते हुए अपनी संस्था के समस्त छात्र / छात्राओं का परीक्षा फार्म एवं परीक्षा शुल्क का भुगतान किये जाने संबंधी समस्त कार्यवाही समयान्तर्गत पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, एवं साथ ही नोटिस बोर्ड पर सूचना चस्पा कराते हुए संस्था वाहट्सअप ग्रुप के माध्यम से भी छात्र / छात्राओं को अवगत कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय

(डॉ0 संतोष कुमार सिंह)
O/C सचिव।

पृ0सं0 प्राशिप / अनु06 / परी0फा0 / 2025 / 0619-23 तद्दिनांकः– 19/03/2026

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन, लखनऊ को अपर मुख्य सचिव उ0प्र0 शासन, लखनऊ/अध्यक्ष प्राविधिक शिक्षा परिषद,उ0प्र0 लखनऊ, महोदय के अवगतार्थ।
2. महानिदेशक, प्राविधिक शिक्षा उत्तर प्रदेश लखनऊ।
3. निदेशक ,प्राविधिक शिक्षा निदेशालय, उ0प्र0, कानपुर।
4. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र/बुन्देलखण्ड क्षेत्र/मध्य क्षेत्र/पश्चिमी क्षेत्र मेरठ, उ0प्र0 को इस अनुरोध के साथ अपने क्षेत्रान्तर्गत संस्थाओं को उपरोक्त के संबंध में निर्देशित करने का कष्ट करें।
5. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि उक्त के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

(डॉ0 संतोष कुमार सिंह)
सचिव।